दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 208 मुरादाबाद 25 November 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में बोले- विकास में बैरियर बनने वाले माफिया जेल में, यह गरीबों की सरकार

प्रयागराज- परेड मैदान पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गुरुवार दोपहर करीब सवा दो बजे पहुंच गए हैं। जय जय श्रीराम और शंखों की गूंज के बीच मुख्यमंत्री ने सबसे पहले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मंच पर चेक और पीएम आवास की चाभी प्रदान की। सीएम योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत प्रयागराज की धरती को नमन करते हुए तीर्थराज की महिमा बताई और कहा कि प्रयागराज कुंभ विश्व भर में विख्यात है। इस धरती को मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती और लेटे हुए हनुमान जी का आर्शीवाद प्राप्त है। यहां महर्षि भरद्वाज का आश्रम है। उन्होंने 2025 प्रयागराज कुंभ का 2019 के कुंभ से भी ज्यादा भव्य और दिव्य आयोजन की बात कही। उन्होंने कहा कि 1295 करोड़ की परियोजनाओं के लोकापर्ण और शिलान्यास से प्रयागराज की जनता का जीवन और भी खुशहाल होगा। यह सरकार आम जनता का जीवन स्तर उठाने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। इसके पहले प्रदेश और केंद्र में सरकारें थी लेकिन तब क्या था और आज जब भाजपा की सरकार आई है तो गरीब को आवास,



पेयजल, भोजन समेत तमाम योजनाओं को पूरी ईमानदारी से उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में माफिया विकास कार्य में बैरियर बनते थे लेकिन अब माफिया जेल में है या यूपी छोड़कर भाग गए हैं। उनकी संपत्तियों को जब्त कर गरीबों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं। यह गरीबों की सरकार है। उन्होंने प्रयागराज को विकास के पथ पर लगातार आगे ले जाने की बात कहते हुए जय श्रीराम के नारे से संबोधन खत्म किया। यहां से मुख्यमंत्री कुंभ 2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण सभागार ( आइट्रिपल सी ) पहुंचे। वहां मुख्य सचिव और डीजीपी समेत आला अधिकारियों की मौजूदगी में कुंभ मेले के लिए हो रही तैयारियों का प्रेजेंटेशन दिया गया। मुख्यमंत्री से पहले प्रयागराज दक्षिण के विधायक कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने मुख्यमंत्री के अभिनंदन में संबोधन किया। फिर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संबोधित करते हुए सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी के तेज विकास के राह पर बढ़ने की बात कही। उनके बाद प्रयागराज में ही रहने वाले कौशांबी में सिराथू के मूल निवासी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने भाषण में पूर्व की बसपा और सपा सरकार के भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए तंज किया और भाजपा सरकार में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हाईवे, एक्सप्रेवे समत अन्य विकास योजनाओं के बारे में बताया। सीएम योगी इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 1295 करोड़ रुपये की 284 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह तीन योजनाओं के 20 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी देंगे। प्लेन से लखनऊ रवाना होंगे।


## जहां से लड़ा था पहला चुनाव 2024 में वहीं से उतरूंगा, अखिलेश ने कन्नौज से चुनावी मैदान में उतरने के दिए संकेत



कन्नौज-सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिता मुलायम सिंह यादव नेताजी के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा की रिक्त सीट पर पत्नी डिंपल यादव को उपचुनाव मैदान में उतारकर विरासत सौंप दी है। इसके बाद कन्नौज सीट को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में उपजी ऊहापोह को भी उन्होंने शांत कर दिया है। कन्नौज में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता में आने वाले 2024 के चुनाव में कन्नौज संसदीय सीट से उतरने के संकेत दिए हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव में डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाकर नेताजी की विरासत सौंपे जाने के बाद कन्नौज में सपाइयों में ऊहापोह की स्थिति बन गई थी। डिंपल यादव कन्नौज सीट से सांसद रह चुकी हैं और बीते लोकसभा चुनाव में भी सपा ने उतारा था। उनके मैनपुरी जाने के बाद स्थानीय सपा नेताओं का असमंजस गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दूर कर दिया। गुरुवार को सपा नेता सुनील कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना भइया के घर आयोजित निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख ने अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता में कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। डिंपल यादव को मैनपुरी से उपचुनाव से उतारे जाने के बाद कन्नौज सीट को लेकर एक सवाल पर अखिलेश ने कहा कि 2024 में भी चुनाव हैं। हम क्या करेंगे खाली बैठकर, हमारा काम ही चुनाव लड़ना है। जहां से पहला चुनाव लड़ा वहां से फिर लड़ेंगे।

## Jama Masjid में लड़कियों की एंट्री पर बैन का मुद्दा गर्म, NCW जारी करेगा नोटिस; मस्जिद प्रबंधन का बेतुका बयान

नई दिल्ली- दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अकेली लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एक तरफ जहां कुछ लोग मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले को सही करार दे रहे हैं, तो कुछ इसे धार्मिक स्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव के साथ जोड़कर देख रहे हैं। इस मामले को राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी गंभीरता से लिया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि हम इस मामले को स्वतः संज्ञान ले रहे हैं, यह गंभीर मामला है। जल्द ही इस पर आगे की कार्यवाई की जाएगी। राष्ट्रीय महिला आयोग के सूत्रों के मुताबिक इसे लेकर आयोग द्वारा जामा मस्जिद प्रबंधन को नोटिस जारी किया




जाएगा। साथ ही इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण मांगने के साथ उनसे महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने को लेकर आगाह किया जाएगा।

### मस्जिद प्रबंधन ने दी बेतुकी दलील

वहीं, लड़कियों के मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध के फैसले को लेकर मस्जिद प्रबंधन ने अजीबोगीब दलील दी है।जामा मस्जिद प्रबंधन का कहना है कि महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित नहीं है। केवल अकेली महिलाएं की एंट्री पर बैन है। क्योंकि इस धार्मिक स्थल पर लड़िकयां अनुचित हरकतें करती हैं, वीडियो शूट करती हैं। इन सब को रोकने के लिए प्रतिबंध ने ये कदम उठाया है। मस्जिद प्रबंधन का कहना है कि परिवार या विवाहित जोड़ों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

### दिल्ली महिला आयोग ने फैसले को बताया तालिबानी

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली महिला आयोग ने भी जामा मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले पर नाराजगी जाहिर की है। डीसीडब्ल्यू चीफ स्वाति मालीवाल ने मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक के बाद जामा मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी किया है। स्वाति मालीवल ने कहा कि जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिलकुल गलत है। स्वाति मालीवाल ने मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले को तालिबानी करार दिया है। उन्होंने कहा कि जितना हक एक पुरुष को इबादत का है उतना ही एक महिला को भी। मैं जामा मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी कर रही हूँ। इस तरह महिलाओं की एंट्री बैन करने का अधिकार किसी को नहीं है।

### मस्जिद के गेट पर लगाया नोटिस

बताते चलें कि जामा मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के मामले को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से उठाया है। जामा मस्जिद प्रबंधन द्वारा मस्जिद के गेट पर नोटिस भी लगाया गया है। जामा मस्जिद प्रबंधन के इस फैसले को इसे मुस्लिम संगठनों, सामाजिक संगठनों और महिला संगठनों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। लोग इसे महिला विरोधी मानसिकता की पराकाष्ठा बताते हुए मस्जिद प्रबंधन से ये फैसला तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

# यातायात माह के तहत स्कूली बच्चों को किया जागरूक

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती सड़क दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए यातायात प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पांडेय मय यातायात टीम द्वारा जगतजीत इंटर कालेज इकौना में विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रबन्धक एवं शिक्षकगणों की मौजूदगी में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय उच्च कोटि का हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट धारण करने,वाहन चलाते समय ड्राईविंग लाईसेन्स के साथ निर्धारित गति-सीमा में पूरी सतर्कता एवं सावधानी पूर्वक वाहन चलाने आदि के बारे में जागरूक किया गया,सड़क पर गलत तरीके से व अनावश्यक वाहन न खड़ा करने, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा ओवरलोडिंग से बचने,वाहनों से होने




वाले ध्वनि प्रदूषण/वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाये जाने हेतु उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया गया साथ ही प्रत्येक बच्चे से अपने अभिभावक गणों के साथ-साथ अन्य व्यक्तियों को भी यातायात के नियमो को बताकर इस मानव श्रृंखला को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। तथा बच्चो में पम्पलेट वितरण किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य भुद्धेश्वर पांडेय व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नगर निगम के चुनाव को मोदी जी योगी जी की लोकप्रियता से जीता जाएगा विरोधी दलों का गठबंधन टूट जाएगा - कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि केवल आरक्षण की सूची का इंतजार है तैयारियां पूरी तरह से हो चुकी है उन्होंने कहा है कि प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रतिदिन क्षेत्र का दौरा हो रहा है जनता के बीच में जा रहे हैं सरकार की अच्छी नीतियों से जनता को अवगत करा रहे हैं जो सरकार ने अच्छी योजना जनता के लिए किसानों के लिए दी है पूरा लाभ योजनाओं का जनता तक पहुंच रहा है घर घर जाकर के हर समाज के व्यक्ति से मिल रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि वार्ड नंबर 36 धनीपुर में पूरी ताकत के साथ जनता के बीच जाकर के नगर निगम के चुनावों के लिए जनता को मजबूत कर रहे हैं नगर निगम के चुनाव को भाजपा पूर्ण बहुमत से जीत रही है इस चुनाव में भी योगी मोदी जी की लोकप्रियता बहुत बढ़ रही है नगर निगम के चुनावों में विरोधी दलों का गठबंधन टूट जाएगा

# मिशन मोदी डेमोक्रेसी डेबलपमेंट ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष श्रावस्ती के पद पर सकलैन रजा को मनोनयन किया गया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- डेमोक्रेसी डेबलपमेंट ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी अगेन पीएम अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट समिति द्वारा जिलाध्यक्ष श्रावस्ती ( अल्पसंख्यक मोर्चा ) उत्तर प्रदेश के सकलैन रजा को मनोनीत किया जाता है । यह अवसर अति गौरव पूर्ण है कि आप राष्ट्र निमार्ण की दिशा में अपनी सहभागिता निभाने जा रहे है , पूर्ण विश्वास है कि आप पवित्र राष्ट्र कार्य मे सदैव अपनी दृष्टि , सात्विक आचरण एंव कुशल व्यहार से श्रेष्ठ कार्यो का सृजन करेंगे एंव राष्ट्र की सेवा के लिए श्रेष्ठ कार्य करके मिशन के लक्ष्य को पूर्ण करेंगे तथा सभी कानून एंव उपरोक्त ट्रस्ट व मिशन के नियम एंव दिशा निर्देशों का पालन करेंगे इसी आशा विश्वास के साथ अब्दुल हलीम प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश के द्वारा जिला अध्यक्ष श्रावस्ती के पद पर मनोनीत किया गया है ।

# कार सबार बदमाशों ने युवक से नकदी व मोबाइल लूटा हाइवे पर फैंक कर हुये फरार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद थाना क्षेत्र गोपी चौकी क्षेत्र मे जनता में भय व्याप्त 24 घंटे बीतने के बाद पुलिस खाली हाथ कार सबार बदमाशों ने युवक से नकदी व मोबाइल लूटा हाइवे पर फैंक कर हुये फरार थाना क्षेत्र में गोपी के निकट कार सबार बदमाशों ने एक युवक को लिफ्ट देकर उसके गांव तक छोड़ने का झांसा देकर कार में बैठा लिया। और करीब चार किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे पर मारपीट कर उसकी जेब में रखे दो हजार रुपये व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। गांव वमनोई निवासी देवेंद्र सिंह पुत्र शिवकुमार ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि वह अलीगढ़ से अपने गांव जाने के लिए गोपी ओवर ब्रिज के ढलान पर पर उतरा और गांव जाने के लिए टैंपू अड्डे पर पैदल जा रहा था।तभी एक कार उसके बराबर में आकर रुकी और पूछा कहां जा रहे



हो। उसके द्वारा गांव वमनोई जाने की बताने पर कार सबार लोगों ने यह कहते हुये कि वह उसी ओर तेहरामोड़ जा रहे है वह उसे वमनोई पर उतार देंगे बैठा लिया। देवेंद्र सिंह ने बताया कार तेहरा रोड पर पांच सौ मीटर दूर ही पहुंची थी कि तभी उन्होंने कार को वापस करने लगे तो मैंने चीख-पुकार मचाई तो उन्होंने शीशा बंद कर लिया और गोपी से सिकंदराराऊ रोड हाईवे पर मोड़ दिया रास्ते में उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी और मेरी जेब में रखे दो हजार व मोबाइल छीन लिया और गांव पहाड़पुर के निकट चलती गाड़ी से फेंक दिया और अलीगढ़ की ओर भाग गए।

# एक युवती को समुदाय विशेष का युवक बहला-फुसलाकर ले गया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ में सासनीगेट थाना क्षेत्र की एक युवती को समुदाय विशेष का युवक बहला-फुसलाकर ले गया। इसके बाद क्वार्सी क्षेत्र स्थित फ्लैट में उसे साथ लेकर रहने लगा। आरोप है कि युवती से मारपीट भी करता था के सासनीगेट थाना क्षेत्र की एक युवती को समुदाय विशेष का युवक बहला-फुसलाकर ले गया। इसके बाद क्वार्सी क्षेत्र स्थित फ्लैट में उसे साथ लेकर रहने लगा। आरोप है कि युवती से मारपीट भी करता था। स्वजन जब उसे लेने गए तो गार्ड की मदद से बाहर निकलवा दिया। पुलिस ने युवती को बरामद करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## यह है मामला

सासनीगेट थाना क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती नोएडा में नौकरी कर रही है। करीब 15 दिन पहले देहलीगेट थाना क्षेत्र में रहने वाला आबाद खान उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद क्वार्सी क्षेत्र के एक इलाके में फ्लैट में युवती के साथ रहने लगा। इसकी जानकारी होने पर युवती की मां देररात थाने पहुंची। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि आरोपित आबाद बेटी के साथ गालीगलौज व मारपीट करता है। उनकी बेटी ने फोन करके कहा कि मम्मी, मुझे आकर ले जाओ। इस पर स्वजन जब उसे लेने पहुंचे आरोपित ने युवती को डरा-धमका दिया। साथ ही गार्ड से स्वजन को निकालने को कह दिया।

## दूसरे समुदाय के युवक को भेजा जेल

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद रात में ही फ्लैट में दबिश दी तो कोई नहीं मिला। इसके बाद आरोपित की लोकेशन दिल्ली में ट्रेस हुई। पुलिस टीम वहां के लिए रवाना हुई ही थी कि रात में लोकेशन क्वार्सी क्षेत्र में मिल गई। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपित आबाद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। युवती का मेडिकल कराया जा रहा है। बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# ट्रांसपोर्टर की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म, Blackmail कर लिए 10 लाख रुपये भी लिए

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- बन्नादेवी थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक कारोबारी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोप है कि कारोबारी व एक अन्य ने महिला की अश्लील वीडियो बनाई, जिसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर 10 लाख रुपये भी ले लिए। मामले में एसएसपी के आदेश पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। यह है मामला-बन्नादेवी थाना क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली महिला ने तहरीर में कहा है किआठ साल पहले उनके घर पर नगर निगम क्वार्टर निवासी कौशल किशोर उर्फ दीपक यादव का आना-जाना शुरू हुआ था। पहले वह एक पड़ोसी के घर आता था, मगर धीरे-धीरे उस पर विश्वास हो गया। कौशल का महिला के घर के सामने ही मकान बन रहा है। ऐसे में वह अक्सर मदद के लिए भी आता था। 26 सितंबर को दोपहर में आरोपित अपनी किचन दिखाने के बहाने महिला को साथ ले गया। वहां रंजन यादव पहले से मौजूद था। आरोप है कि दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया और मोबाइल में वीडियो बना ली। शिकायत करने पर दी धमकी- शिकायत करने पर वीडियो को प्रसारित करने व हाथ-पैर तुड़वाने की धमकी दी। शाम को फिर आकर पति का अंजाम बुरा होने की धमकी दी और 10 लाख रुपये मांगे। इस पर महिला ने पांच रुपये तुरंत दे दिए। बाद में दो बार में पांच लाख और दे दिए। किचन का दरवाजा बंद करके अप्राकृतिक कृत्य किया। इसके बाद पांच अक्टूबर को भी किचन में आकर दुष्कर्म किया और ब्लैकमेल करता रहा। इसे लेकर महिला भयभीत और परेशान रहने लगी। उसे देख पति भी परेशान रहने लगे। इस पर महिला ने पूरी बात पति को बताई। घटना सुनकर पति की हालत बिगड़ी- घटना की सुनकर पति की हालत बिगड़ गई। दिल्ली में उनका हार्ट का आपरेशन हुआ। आरोप है कि अब लगातार धमकियां दी जा रही हैं। इस पर पुलिस ने दीपक व रंजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपित दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शहर के निर्यात को मिलेंगे पंख, 200 एकड़ में बनेगा शिल्पग्राम

मुरादाबाद। महानगर के अगले दस साल के विकास को लेकर एमडीए द्वारा तैयार मास्टर प्लान - 2031 आंशिक संशोधन के साथ एमडीए बोर्ड की 131 वीं बैठक में पास हो गया। शहर में पीतल कारोबारियों की मांग को देखते हुए महायोजना में विशेष आर्थिक क्षेत्र तक 36 मीटर चौड़े तथा उसके दोनों ओर 500 मीटर चौड़े औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही स्पेशल इकोनॉमिक जोन ( एसईजेड ) के निकट करीब 200 एकड़ के शिल्पग्राम की व्यवस्था दी गई है। वहीं, दिल्ली व कांठ रोड पर व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बाजार स्ट्रीट तथा उपनगर केंद्रों का प्रावधान भी किया गया है। कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की संपन्न हुई 131 वीं बोर्ड बैठक में ड्राफ्ट मास्टर प्लान-2031 पर मुहर लगाई गई। करीब चार घंटे तक चली बोर्ड की इस लंबी बैठक में कई विषयों पर गहन चर्चा करने के बाद मास्टर प्लान पर सभी ने अपनी सहमति दी। वीसी शैलेष कुमार ने बताया कि भविष्य में संभावित मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल, स्टेडियम, बस व ट्रक टर्मिनल के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था महायोजना में की गई है। रामगंगा व गांगन नदी के किनारे सुनियोजित विकास करने के लिए रिवर फ्रंट विकास के दृष्टिकोण से भी जगह आरक्षित की गई है। बैठक में आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने प्राधिकरण को अधिकाधिक मास्टर प्लान रोडों के निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बोर्ड सदस्य राजू कालरा ने शहर में 2031 की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। सदस्य विकास जैन ने दिल्ली रोड पर आवश्यकता को देखते हुए व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त मुरादाबाद मंडल आंजनेय कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एमडीए वीसी शैलेष कुमार, प्रभारी नगर आयुक्त अतुल कुमार के अलावा शासन से नामित सदस्य राजू कालरा और विकास जैन आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन सचिव विकास प्राधिकरण राजीव पांडेय ने किया। रामपुर तिराहा-काशीपुर रोड पर रहेगी मछली मंडी-मास्टर प्लान में मछली मंडी और कैटल कॉलोनी को शहर के बाहर स्थापित स्थापित करने की व्यवस्था बनाई गई है। मछली मंडी के लिए रामपुर तिराहा-काशीपुर रोड पर और कैटल कॉलोनी के लिए रामपुर तिराहा-काशीपुर रोड, काशीपुर-अगवानपुर रोड तथा चंदौसी रोड पर स्थापित करने के लिए व्यवस्था की गई है। प्रस्तावित रिंग रोड को भी स्थान दिया गया है। अनाज मंडी, सब्जी मंडी के लिए भी जगह रखी गई है।अभ्युदय योजना के भवन निर्माण को अनुमति-बैठक में एमआईटी परिसर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बहुचर्चित भवन के निर्माण की भी अनुमति दी गई। जिससे गरीब तबके के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी।ऑडिटोरियम, सह कन्वेंशन सेंटर को मिली स्वीकृति-बैठक में प्राधिकरण की सोनकपुर योजना में 800 सीटर ऑडिटोरियम सह कन्वेंशन सेंटर की स्थापना की परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। सोनकपुर रेलवे ब्रिज बनकर लगभग तैयार है। जिसकी कनेक्टिंग रोड का कार्य प्राधिकरण करा रहा है। कन्वेंशन सेंटर के आने से प्राधिकरण की सोनकपुर योजना के भी लॉन्च किए जाने का रास्ता खुल गया है। साथ ही दिल्ली रोड से सीधी कनेक्टिविटी इसे शहर की सबसे पॉश लोकलिटी के रूप में स्थापित करेगी। अत्याधुनिक रेजिडेंशियल टाउनशिप मिलने की उम्मीद जगी प्राधिकरण बोर्ड ने चड्ढा इंफ्राटेक की इंटीग्रेटेड टाउनशिप परियोजना के डीपीआर पर भी विचार करने की अनुमति दी। जिससे भविष्य में शहर को एक अत्याधुनिक रेजिडेंशियल टाउनशिप मिलने की उम्मीद जगी है।-ग्रीन बेल्ट में नहीं किया अधिकांश बदलाव-मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट के लिए पहले से आरक्षित क्षेत्र में अधिकांश बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे कुछ स्थानों का जहां काफी समय से आबादी और औद्योगिक इकाई स्थापित हैं वहां भू-उपयोग बदला गया है। नदी किनारे वाले क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट ही रखा गया है। कोरोना, आपसी टकराव में बीत गए तीन साल-


मुरादाबाद। करीब तीन साल पहले महायोजना तैयार करने की शुरू हुई प्रक्रिया बीच में कोरोना काल और आपसी टकराव के कारण बाधित रही थी। तीन जनवरी 2022 को बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद आपत्ति, सुझाव मांगे जाने से गतिविधियों ने तेजी पकड़ी। 15 मार्च 2022 को सार्वजनिक सूचना निर्गत कर आपत्तियां मांगी गई थीं। जिसमें कुल 285 आपत्तियां आई थीं। 25 मार्च से 24 अप्रैल तक आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई हुई। उसके बाद तिथि बढ़ा कर सात मई 2022 कर दी गई। तत्कालीन उपाध्यक्ष मधुसूदन हुल्गी और कमिश्नर के बीच कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाने के कारण इसे बोर्ड की बैठक में नहीं रखा जा सका। बाद में हुल्गी का स्थानांतरण हो जाने और नए उपाध्यक्ष शैलेष के चार्ज लेने पर पुनः आपत्तियां आमंत्रित कर सुनवाई की गई। कुल प्राप्त 410 आपत्तियों पर सुनवाई एक नवंबर से पांच नवंबर तक की गई थी। वीसी की अध्यक्षता वाली आपत्ति सुनवाई समिति ने आपत्तियों के निस्तारण करने के साथ ही महायोजना पर निर्णय होने का मार्ग प्रशस्त हो गया।- शहर में 189 अवैध कॉलोनियां हैं। उसमें कोई नक्शा पास नहीं होगा। लोग सहयोग करें तो उन कॉलोनियों को वैध करने का प्लान तैयार किया जा सकता है। अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों को चिह्नित किया जाएगा।

उन पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी।अवैध निर्माण तथा ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित भूमि पर निर्माण करने वालों के निर्माण ध्वस्त किए जाएंगे। दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।आंजनेय कुमार सिंह, कमिश्नर-मास्टर प्लान-2031 का बोर्ड की बैठक में बुधवार अनुमोदन हो गया है। अब इस मास्टर प्लान को शासन को प्रेषित किया जाएगा। जिस पर शीघ्र अनुमति मिलने के आसार हैं। इसके बाद 2031 की महायोजना शहर में लागू हो जाएगी।-शैलेष कुमार, वीसी

## कंप्यूटर टीचर को आत्महत्या के लिए उकसाने में प्रेमी गिरफ्तार

सेना या प्राइवेट नौकरी में किसी भी उम्र में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। डाकघर 60 साल की उम्र नहीं होने पर भी वरिष्ठ नागरिकों वाली सुविधा उपलब्ध कराएगा। मासिक आय योजना में खाता खोलने की अनुमति देगा। जिसमें प्रत्येक माह 9500 सौ रुपये की दर से भुगतान भी करेगा। वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आते हैं ये लोग- केंद्र व राज्य सरकार किसी को 60 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ही वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में रखता है और वरिष्ठ नागरिक वाली सुविधाएं उपलब्ध कराता है। 60 वर्ष की उम्र होने पर आय बढ़ाने के लिए बैंकों में ब्याज दर में वृद्धि हो जाती है। जीवन बीमा की प्रधानमंत्री पेंशन योजना में भी 60 वर्ष से अधिक के लोग आवेदन कर सकते हैं। डाक विभाग की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना-डाक विभाग भी मासिक आय के लिए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना ( एससीएसएस ) चलाता है।

# रिटायर किसी भी उम्र में हों, पर कहलाएंगे वरिष्ठ नागरिक, डाक विभाग की इस योजना में कर सकेंगे निवेश




मुरादाबाद- सेना या प्राइवेट नौकरी में किसी भी उम्र में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। डाकघर 60 साल की उम्र नहीं होने पर भी वरिष्ठ नागरिकों वाली सुविधा उपलब्ध कराएगा। मासिक आय योजना में खाता खोलने की अनुमति देगा। जिसमें प्रत्येक माह 9500 सौ रुपये की दर से भुगतान भी करेगा।

### वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आते हैं ये लोग

केंद्र व राज्य सरकार किसी को 60 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ही वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में रखता है और वरिष्ठ नागरिक वाली सुविधाएं उपलब्ध कराता है। 60 वर्ष की उम्र होने पर आय बढ़ाने के लिए बैंकों में ब्याज दर में वृद्धि हो जाती है। जीवन बीमा की प्रधानमंत्री पेंशन योजना में भी 60 वर्ष से अधिक के लोग आवेदन कर सकते हैं।

### डाक विभाग की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना

डाक विभाग भी मासिक आय के लिए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना ( एससीएसएस ) चलाता है। आम लोगों के लिए इस योजना में 60 वर्ष की उम्र होना जरूरी है। जिसमें अधिकतम पांच साल तक एक लाख से 15 लाख रुपये तक जमा कर सकते हैं। 15 लाख रुपये जमा करने पर प्रत्येक माह 9500 रुपये की दर से भुगतान होता है। पांच वर्ष के बाद योजना को तीन वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। आठ वर्ष पूरा होने पर फिर से इस योजना में नया खाता खुलवा सकते हैं। योजना पूरी होने पर डाकघर जमा राशि वापस कर देगा। इसमें 60 वर्ष से कम उम्र में सेवानिवृत्त होने वालों को भी शामिल करने की व्यवस्था की गई है।

### इन लोगों को भी मिलेगा योजना का लाभ

सेना के जवान 35 वर्ष की उम्र में, प्राइवेट नौकरी करने वाले 58 साल में सेवानिवृत्त हो जाते हैं। रेलवे व अन्य विभाग डिफाल्टर कर्मचारियों व अधिकारियों को 60 वर्ष पूरा होने के पहले सेवानिवृत्त कर देता है। ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एससीएसएस में आवेदन करने की छूट दी गई है।

### देना होगा सेवानिवृत्त होने का प्रमाण पत्र

इन लोगों को आवेदन करते समय सेवानिवृत्त होने का प्रमाण पत्र देना होगा। सरकार की मंशा है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी बैंक में रुपया जमा करने के बजाय इस योजना में जमा करके मासिक आय को बढ़ा सकते हैं। इस योजना में सेवानिवृत्त होने से एक माह पहले भी आवेदन कर सकते हैं।

### एक साल का होगा लॉकिंग पीरियड

प्रवर डाक अधीक्षक वीर सिंह ने बताया कि एससीएसएस में किसी भी उम्र में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शामिल किया जा सकता है। इस योजना में शामिल होने पर एक साल तक रुपये वापस नहीं होंगे। एक साल पूरा होने के बाद एक से दो प्रतिशत राशि की कटौती कर वापस करने का प्रवधान है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Truth of government jobs

This should be the democratic stand of the government in a democracy. Prime Minister Modi has distributed government job appointment letters to 71056 youths through his ministers. Surely this is a democratic and welcome effort. Of course, no government can provide government jobs on a large scale, yet such efforts should be made continuously. At least those vacant posts should be filled, which are approved within the government and their budget has also been passed by the Parliament. The campaign launched by the Prime Minister to provide 10 lakh jobs through 'Rozgar Mela' is limited to the Central Government and Union Territories only. About 41.4 lakh posts are sanctioned in the central government. That is, so many jobs can be provided, but as on March 2022, 8.72 lakh posts were vacant. These vacancies can be less or more, because the employees keep retiring, so the need for jobs can also be more. The first question is that why so many posts are lying vacant in the central government itself? About 50 lakh posts will be vacant in the state governments as well. It is the responsibility of the state governments to fill them. Had these vacant posts been filled in time, so many lakhs of people would have got jobs and lamps of prosperity would have been lit in so many homes! This is what the Prime Minister wants, only then India can become a developed country! However, efforts have now been started in that direction. The unemployment rate of October in the country is 7.7 percent. This rate had also reached 8.28 per cent in August. Such surveys have also been coming out continuously that crores of youths have turned away from jobs or employment, because when they were of age and they were trying to find jobs, they did not get jobs, as a result they became disinterested. . Those who were doing small business, are engaged in them only. This mental state of the young generation is a negative sign in a country with a large, diverse and work-force like India. It also affects the country's economy and demand. The unemployment rate is also not low. In such an environment, the 'Employment Fair' is an effort to explore the possibilities. It can be assumed that there are Lok Sabha elections in April-May, 2024 and assembly elections are to be held in many states in 2023 as well. These elections are present on the threshold of Modi government and BJP, because most of the states have only BJP-NDA governments. Is this 'employment fair' a truth and politics in view of the same elections or has the democratic, youthist attitude of the Modi government come to the fore? Can such appointment letters be distributed despite the election code of conduct? Are these appointments permanent and joining is being done? The Congress has termed the appointment letters as 'papers' and has raised several questions. According to it, these appointments are 'fake'. 'Mudra loans' given to more than 35 crore beneficiaries, as they are government loans to be returned, which average around Rs 50,000. This amount is very insufficient even for self-employment. Prime Minister Modi should clarify that how many jobs were given during the government of 8 and a half years? And now this 'Employment Fair' will continue? Why did his election resolution remain incomplete? The country trusts the statement of its Prime Minister, so it can also accept his explanation. However, 71056 appointment letters have been given for the second time at a gap of one month. The work force of the country is being empowered.

# Vidhu's new film being made on the story of these two officers reached Mukherjee Nagar in Delhi after Agra

Vidhu Vinod Chopra is making a film on Anurag Pathak's novel '12th Fail'. Actor Vikrant Massey will be seen playing the lead role in this film. Director Vidhu Vinod Chopra, who has turned 70, is still as youthful as ever. After his last film 'Shikara' based on the Kashmir problem, he is completely engrossed in the shooting of his new film. The story of the film is about those two officers whose names and whose eagerness to know is going to be in the whole country in the coming days. The name of the film is very interesting, '12th Fail'. In every street, every village and every town of the country, someone or the other keeps on dreaming of becoming an IAS or IPS officer every moment.



Vidhu Vinod Chopra's new film is about these students. Vidhu, who has directed films like 'Parinda', '1942: A Love Story' and 'Mission Kashmir', has also made films like 'Munnabhai MBBS', 'Lage Raho Munnabhai', '3 Idiots' and 'PK' as a producer. . Now he is making his new film inspired by a novel. Vidhu Vinod Chopra, who is making a film of the same name on Anurag Pathak's novel '12th Fail', is very excited these days about his film. The film is inspired by the real life story of IPS officer Manoj Kumar Sharma and IRS officer Shraddha Joshi. '12th Fail' is not a biography, but it is based on the inspiration of these two officers that how half and half of two populations together can change the thinking of the entire population. After completing the shooting of the film around Agra, Vidhu Vinod Chopra along with the team of '12th Fail' has reached Mukherjee Nagar, Delhi. This is the same area of ??Delhi where youths from all over the country come and prepare for UPSC. Vidhu says, "If an honest person is in a position of power, the world can really change. If this film can inspire a few more officers to be honest and a few more students to do better in their endeavours, then I will consider that I have succeeded in my endeavour.' Actor Vikrant Massey is playing the lead role in the film. He says, 'It is the tragedy of our times that truth and honesty are rare. This film is dedicated to all the students with dreams, all the honest officers who are the backbone of our country and constitution. Working with Vidhu Vinod Chopra is a dream come true and a huge challenge as he is such a wonderful director.

# Bhojpuri actress Monalisa did a bold photoshoot on the bed, pictures increased the internet heat in winter

'Nazar' actress Monalisa is a well-known actress in the Bhojpuri film industry. Monalisa has given many superhit Bhojpuri films in her career so far. He has shared the screen with many hit stars of Bhojpuri industry. Monalisa has also been a part of 'Bigg Boss 10'. Apart from Hindi and Bhojpuri, Monalisa has also worked in Bengali, Odia, Tamil, Kannada and Telugu films. Along with acting, Monalisa is also very active on social media. She keeps on crazing the fans by posting her hot and bold pictures. Meanwhile, the new photoshoot of the actress is creating havoc on the internet. Monalisa's new photoshoot created a ruckus - Bhojpuri actress Monalisa has shared pictures of her latest photoshoot on her Instagram handle. Her boldness in these pictures is being made just by looking at it. In the photos, you can see that Monalisa is posing while sitting on the bed. During this, she is wearing an orange and blue colored bralette. With this, Monalisa has carried an orange colored short skirt, which is making her look even hotter. Talking about the hairstyle of the actress, Monalisa has covered her hair. In the photoshoot, Monalisa is sometimes posing on the bed and sometimes standing. Fans are very fond of his every picture. At the same time, users are praising her by commenting on it. Recently, there were trolls regarding bikini picture. Let us tell you that earlier Monalisa had shared a bikini picture of her on her Instagram account.



# उर्वरक डीएपी की भारी कमी से कृषक परेशान किसानों की समस्या के लिए तत्काल समाधान हेतु ज्ञापन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में रबि की फसल की बुआई के लिए उर्वरक डीएपी की भारी कमी से कृषक परेशान किसानों की समस्या के लिए तत्काल समाधान हेतु ज्ञापन महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश राज्य भवन महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ द्वारा माननीय जिलाधिकारी जनपद एटा को दिया गया इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गंगा सहाय लोधी ने कहा प्रदेश के सभी मंडलों के विभिन्न समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित प्रदेश के किसानों के लिए रबि की फसल के लिए आवश्यक खाद उर्वरक डीएपी की भारी कमी के समाचारों की ओर आपका ध्यान आकर्षक कराना है आपके माध्यम से हम मांग करते हैं किसानों की जल्द समस्या का समाधान होना चाहिए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा प्रदेश कांग्रेस की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री जी को राज्य में रबि की फसल की बुआई के लिए उर्वरक की भारी कमी की समस्या से पहले ही अवगत किया जा चुका है किंतु प्रदेश सरकार और प्रशासन अपने दायित्वों को पूरा करने में बिल्कुल असफल सिद्ध हुआ है सरकारी समितियों के गोदामों पर मात्र 1 बोरी खाद पाने के लिए भी किसानों की लंबी कतार लग रही है और स्थानीय स्तर पर सरकारी अधिकारीगण समस्याओं के शीघ्र समाधान का कोरा आश्वासन ही दे रहे हैं

उधर केंद्रीय उर्वरक मंत्रालय ने दावा किया है कि देश प्रदेश में चालू रबि की फसल के लिए ओवर डीएपी का बहुत बड़ा स्टॉक है स्पष्ट है कि किसानों के लिए खाद उर्वरक डीएपी की कमी की स्थिति जानबूझकर पैदा की गई है जिससे बिचौलियों को लाभ पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोहम्मद इरफान एडवोकेट,महेंद्र राजपूत,नैना शर्मा ने कहा है हम लोग महामहिम राजपाल महोदय से निवेदन करते हैं तत्काल उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाएं कि किसानों की समस्या जल्द से जल्द समाधान हो ज्ञापन के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख गीतम सिंह राजपूत, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री संतोष गौतम महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर, अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी, एटा शहर कांग्रेस कमेटी के संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता, मुकेश बघेल आबिद अली, जयकुमार डॉ सुरेंद्र सविता, युवा नेत्री मोनिका सम्राट वसीम सलमानी शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद हसीन युवा नेता अरविंद कश्यप प्रमोद कुमार बंटी सिंटू कुमार बृज किशोर विकास गौतम ब्रह्मानंद सागर सचिन गुप्ता पूर्व सभासद सुभाष मम्मा रामानंद सागर संजय कुमार आदित्य प्रताप सिंह हीरा पाराशर आदि लोग उपस्थित थे

# भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बाल विवाह, तथा बच्चो के उत्पीडन, तस्करी के सम्वन्ध में बच्चो के हितों का विशेष ध्यान रखें -एसपी क्राइम




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अपर पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी जनपद एटा विनोद कुमार पाण्डेय की उपस्थिति व एसजेपीयू प्रभारी छोटेलाल की उपस्थिति में एएचटीयू/एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें सीडब्लूसी अध्यक्ष आनंद पांडे, जिला बाल सरंक्षण अधिकारी सुखवीर सिंह, वन स्टॉप सेन्टर मैनेजर जागृति, डायरेक्टर चाइल्ड लाइन हरिओम वर्मा , श्रम प्रवर्तन अधिकारी यादवेंद्र विक्रम सहित जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारियों तथा प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बाल सुरक्षा/संरक्षण के सम्वन्ध में व्यापक चर्चा हुई।

बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बाल विवाह, तथा बच्चो के उत्पीडन, तस्करी के सम्वन्ध में बच्चो के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस कर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के संबंध में जानकारी दी गई तथा इसका पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पुलिस ने दो बदमाशों का किया इनकाउंटर, 2 बदमाशों सहित एक पुलिस कर्मी को भी लगी गोली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा में पुलिस ने दो बदमाशों का किया इनकाउंटर, 2 बदमाशों सहित एक पुलिस कर्मी को भी लगी गोली, 2 बदमाशों के पैर में लगी गोली, एक बदमाश मौके से हुआ फरार,एक पुलिसकर्मी के भी हाथ में लगी गोली, गस्त के दौरान पुलिस ने कार सवार 3 बदमाश को घेरने का किया था प्रयास, घायल दोनों बदमाशो और पुलिसकर्मी को पुलिस ने किया मेडिकल कॉलेज में भर्ती, घायलों का चल रहा है उपचार, बदमाशों के पास से दो तमंचे, चार खोखा कारतूस,2 जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन, और एक होंडा सिटी कार पुलिस ने की बरामद, एक बदमाश राहुल उर्फ सुनील अलीगढ़ जनपद का मैं दूसरा बदमाश शंकर उर्फ शंकरिया दिल्ली का है रहने वाला, बदमाशो ने पुलिस के ऊपर की थी फायरिंग, पुलिस ने अपने बचाव में की जवाबी फायरिंग, दोनो बदमाश के पैर में लगी गोली, बदमाशो की फायरिंग में पुलिसकर्मी भी हुआ है घायल, साहुल उर्फ सुनील के ऊपर 15000 रुपए का कोतवाली देहात पुलिस ने किया है इनाम घोषित, कोतवाली देहात क्षेत्र के झाल गोपालपुर के पास बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ का मामला।


# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरथरा पर जनसामान्य को मिलेगी सीएचसी को प्रदत्त समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं-सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सीएमओ डा0 यू0के0 त्रिपाठी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि पीएचसी अवागढ़ एवं सीएचसी चुरथरा पर प्रथक-प्रथक स्टाफ की तैनाती की गई है, जो रोस्टर के अनुसार अपने तैनाती स्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर क्षेत्रीय जनसामान्य को शासन की मंशानुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवागढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरथरा पर क्षेत्रीय जनसामान्य को प्रथक-प्रथक सुविधाएं प्रदान की जायेंगे। सीएमओ ने बताया कि शासन की मंशा है कि जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलें। इसके अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अवागढ़ पर ओ0पी0डी0 सेवाओं के साथ-साथ बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का प्रसव, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात सेवायें प्रदान की जायेंगी। चूंकि पीएचसी अवागढ़ पर एक कक्ष जो कि जर्जर है, उसे बंद किया गया है, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। सीएमओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुरथरा पर सीएचसी को प्रदत्त समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं यथा ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0, समस्त प्रसव सेवायें, स्त्री रोग विशेषज्ञ सेवायें, पुरूष एवं महिला नसबन्दी सेवायें, सामान्य सर्जरी, परिवार नियोजन सेवायें, गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण तथा परामर्श सेवायें, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, पैथोलॉजी, टी0बी0 जांच व उपचार डेन्टल सेवायें, आयुष डायग्नोस्टिक, दवाईयां, लैब, क्षय रोग नियंत्रण, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डनकार्ड निर्गत, चिकित्सा व उपचार के अलावा संदर्भन की सुविधा, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया व कुष्ठ की स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेसर, सुगर की स्क्रीनिंग, तंबाकू छोडने के लिए परामर्श सुविधाए, कोविड-19 जांच, बुखार सहित मौसमी बीमारियों की जांच व इलाज, नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

# सिकंदरा स्थित नालंदा टावर में बने फ्लैट को किया सील



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता की संपत्ति हुई कुर्क , आगरा में हुई संपत्ति कुर्क एटा जिले से समाजवादी पार्टी के पूर्व द्वद्वडु रामेश्वर यादव और उनके भाई जुगेंद्र सिंह यादव के सिकंदरा स्थित नालंदा टावर में बने फ्लैट को किया सील गैंगस्टर एक्ट 14(1) के तहत की गई कार्रवाई पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद आगरा में अभी और भी संपत्ति होनी है कुर्क

# नगर निकाय अधिसूचना जारी होने के पूर्व ही सभी तैयारी

लंकीन प्रसाद वर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022-23 की तैयारी हेतु नियुक्त समस्त प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आसन्न नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022-23 की अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा शीघ्र ही निर्गत किये जाने की सम्भावना है। अधिसूचना जारी होने के पूर्व ही सभी प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों की तैयारी पहले से ही कर ली जाए, ताकि नगर निकाय चुनाव शान्तिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। भिनगा व इकौना को बनाया गया है। नगर पालिका परिषद भिनगा हेतु पार्टी रवानगी स्थल/मतगणना केन्द नवीन मण्डी समिति पटना खरगौरा एवं नगर पंचायत इकौना हेतु पार्टी रवानगी स्थल/मतगणना केन्द तहसील मुख्यालय इकौना में बनाया गया है।

# शीनू की समझदारी: 12 साल की बच्ची थी अकेली, बदमाश बोले- दरवाजा खोलो मां ने भेजा है, पर उसका सवाल सुन भागे



बिलासपुर में एक बच्ची की सूझबूझ से बड़ी वारदात टल गई। घर में घुसे बदमाशों को रोकने के लिए 12 साल की स्कूली बच्ची ने समझदारी दिखाते हुए दरवाजा नहीं। बदमाश डेढ़ घंटे तक प्रयास करते रहे, फिर बच्ची को कॉल करता देख भाग निकले। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 12 साल की बच्ची की सूझबूझ से एक बड़ी वारदात टल गई। ग्लब्ज और मास्क पहने घर में दाखिल हुए बदमाश करीब डेढ़ घंटे तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास करते रहे। इस दौरान बच्ची घर में अकेली थी। बदमाशों ने उसे झांसा दिया कि मां बुला रही है, लेकिन बच्ची मोबाइल ले आई और कॉल करने लगी। यह देखकर बदमाश वहां से भाग निकले। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। घर में शाम को अकेली थी बच्ची- जानकारी के मुताबिक, जबड़ापारा निवासी किशनलाल मार्कफेड के रिटायर्ड अधिकारी हैं। वह अपनी पत्नी, बेटे, बहू और 12 साल की पोती शीनू के साथ रहते हैं। 20 नवंबर की शाम करीब 4 बजे किशनलाल, उनकी पत्नी और बेटा दुकान पर गए थे। जबकि उनकी बहू पास के पार्लर में गई थी। इस दौरान शीनू घर में अकेले थी और पढ़ाई कर रही थी। शाम करीब 4.30 बजे झारखंड नंबर की एक कार उनके घर के पास आकर रुकी। कार सवार लोग बाहर निकले और दरवाजा खटखटाने लगे।कार सवार कूदकर अंदर घुसे, फिर पीटने लगे दरवाजा- जब कोई जवाब नहीं मिला तो उनमें से मास्क और ग्लब्ज पहने एक युवक गेट से कूदकर पोर्च में दाखिल हो गया। उसने बंद जालीदार दरवाजे को पीटना शुरू कर दिया और जबरदस्ती अंदर घुसने का प्रयास करने लगा। आवाज सुनकर शीनू दरवाजे के पास आई उनके बारे में पूछा। इस पर युवक ने कहा कि उन्हें उसकी मम्मी ने भेजा है और वह आपको बुला रही हैं। हमारे साथ चलो। इस पर बच्ची ने मना कर दिया। साथ ही कहा कि मम्मी तो अभी पार्लर गई हैं। उन्होंने मुझे तो चलने को नहीं कहा था। बच्ची ने बदमाशों से मम्मी का नाम बताने को कहा- इस पर युवक काफी देर तक शीनू को समझाता रहा कि वह दरवाजा खोले और उसके साथ चले। इस पर शीनू ने उससे मम्मी का नाम पूछा। युवक नहीं बता सका तो शीनू ने कहा कि वह मम्मी से बात कर लेती है। इसके बाद वह मोबाइल लेकर आई और कॉल करने लगी। यह देखकर युवक भागने लगा। इस पर शीनू ने उसे आवाज भी दी, लेकिन युवक ने कहा कि वह बाद में आकर मिल लेगा। इसके बाद कार में अपने अन्य साथियों के साथ बैठकर भाग निकला। इसके बाद शीनू ने परिजनों को सूचना दी।सीसीटीवी फुटेज में कार से भागते दिखे बदमाश- जानकारी मिलते ही परिजन घर पहुंच गए। वहां शीनू ने उन्हें सारी बात बताई तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। उसमें झारखंड नंबर की कार दिखाई दी। उसमें दो युवक पहले से बैठे हुए थे। हालांकि फुटेज में कार के अंदर पीछे की सीट पर बैठे सिर्फ एक युवक का ही चेहरा दिख सका। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कार सवार संदिग्धों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# भूपेश कैबिनेट मीटिंग: आरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी, शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश पर भी मिलेगा फायदा



छत्तीसगढ़ सरकार ने आरक्षण के अनुपात में बदलाव किया था। इसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग का आरक्षण 20 से बढ़ाकर 32त्न कर दिया गया। वहीं अनुसूचित जाति का 16% से घटाकर 12त्न किया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। जिसके बाद कोर्ट ने राज्य के आरक्षण अधिनियमों की उस धारा को रद्द कर दिया, जिसमें आरक्षण का अनुपात कम हो गया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में आरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। बैठक में आरक्षण संशोधन पर चर्चा हुई। इसके बाद प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया। अब इसे एक दिसंबर को राज्य सरकार की ओर से बुलाए गए विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में पेश किया जाएगा। वहीं बैठक में छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था में प्रवेश में आरक्षण संशोधन विधेयक के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। मछली पालन के लिए लीज पर मिलेगा जलाशय-नवीन मछली पालन नीति में भी संशोधन किए जाने के विभागीय आदेश को मंजूरी दी गई है। अब मछली पालन के लिए तालाब और जलाशय की नीलामी नहीं की जाएगी। इसके बदले 10 साल की लीज पर दिए जाएंगे। तालाब और जलाशय के पट्टा आबंटन में सामान्य क्षेत्र में ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह के मछुआ समूह और मत्स्य सहकारी समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में एसटी वर्ग के मछुआ समूह व समिति को प्राथमिकता दी जाएगी।संशोधन प्रस्ताव के अनुसार, ग्रामीण तालाब के मामले में अधिकतम एक हेक्टेयर के स्थान पर आधा हेक्टेयर और सिंचाई जलाशय के मामले में चार हेक्टेयर के स्थान पर दो हेक्टेयर प्रति सदस्य/प्रति व्यक्ति के मान से जल क्षेत्र आबंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। मछली पालन के लिए गठित समितियों का आडिट अब सहकारिता और मछली पालन विभाग की संयुक्त टीम करेगी। जिला खनिज संस्थान नियम में भी संशोधन- जिला खनिज संस्थान न्यास से संपादित अधोसंरचना के कार्यों पर व्यय के लिए न्यास निधि में प्राप्त राशि से निश्चित प्रतिशत राशि के बंधन से मुक्त किए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान नियम 2015 में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत डीएमएफ के अन्य प्राथमिकता मद में उपलब्ध राशि का 20 प्रतिशत सामान्य क्षेत्र में और 40 प्रतिशत अधिसूचित क्षेत्र में व्यय किए जाने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। वनोपज आधारित सामानों को सरकार बेचेगी-छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के अंतर्गत 40 प्रतिशत की छूट के साथ राज्य सरकार वनोपज आधारित सामानों को खरीदेगी और उसे संजीवनी व अन्य माध्यमों से बेचने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से उन उद्योगों को जो वनोपज आधारित उत्पादों का निर्माण करना चाहते हैं, उनको बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के अंतर्गत अच्छी क्वालिटी के उत्पादों का विक्रय हो सकेगा। हालांकि छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ और निवेशकों के बीच हुए त्रिपक्षीय एमओयू के आधार पर स्थापित वनोपज उद्योगों के उत्पादों को ही इसका फायदा मिलेगा।

# पूर्व सैनिक से 11 लाख की ठगी, खुद को खाद्य मंत्री का पीए बता मंडी इंस्पेक्टर बनाने का दिया झांसा




नगर पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार ने बताया कि आरोपी ने मंत्रालय में पहचान बताकर कुछ लोगों से मिलवाया था। मामले की जांच में पता चला है कि सब फर्जी था। आरोपी के साथ अन्य लोगों की भी मिलीभगत है। कुछ संदेहियों को चिन्हित किया गया है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक शातिर ठग ने पूर्व सैनिक से 11 लाख रुपये ठग लिए। शातिर ठग ने खुद को खाद्य मंत्री का पीए बताया और पूर्व सैनिक को मंडी इंस्पेक्टर बनवाने का झांसा दिया था। काफी समय तक जब नौकरी नहीं मिली तो पूर्व सैनिक थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज कराई। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जांजगीर-चांपा के जैजेपुर खुजरानी निवासी पूर्व सैनिक जगदीश प्रसाद चंद्रा अभी बिलासपुर के राजकिशोर नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका पूर्व सैनिक संगठन में आना-जाना है। इस दौरान उनकी पहचान बिल्हा क्षेत्र के बरतोरी में रहने वाले पूर्व सैनिक विजय कुमार कौशिक से हुई। विजय ने जगदीश की मुलाकात उसके गांव में रहने वाले योगेश सन्नाड्य से कराई। यह भी बताया कि योगेश रायपुर में रहकर काम करता है। योगेश ने खुद को खाद्य मंत्री का पीए बताया और कहा कि उसकी व्यापमं व मंत्रालय में अच्छी पहचान है। झांसा दिया कि वह जगदीश की नौकरी मंडी इंस्पेक्टर के तौर पर लगवा सकता है। आरोपी योगेश ने जगदीश से कहा कि इसके लिए 15 लाख रुपये लगेंगे। झांसे में आकर जगदीश ने उसके बताए अनुसार गरियाबंद निवासी छोटू राम यादव के बैंक खाते में 2.50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अलग-अलग किश्त में 8.50 लाख रुपये और ट्रांसफर किए। काफी समय बीत गया, पर नौकरी नहीं मिली। इसके बाद आरोपी का नंबर भी बंद हो गया।